
# प्रयागराज कुंभ से पहले पूरा कराएंगे गंगा एक्सप्रेसवे : योगी

## मुख्यमंत्री ने कहा–पूर्वी बंदरगाह से भी जुड़ गया उप्र 70 वर्षों में जिन्हें नहीं पूछा गया, उन्हें भी दी आवास की सुविधा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश आज पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और बुंदेलखंड बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के साथ जुड़ चुका है। पश्चिम यूपी को मध्य व पूर्वी यूपी से जोड़ने के लिए गंगा एक्सप्रेसवे का काम तेज गति से चल रहा है। हमारा प्रयास है प्रयागराज कुंभ 2025 से पहले गंगा एक्सप्रेसवे का काम पूरा हो जाए। कुंभ में गंगा एक्सप्रेसवे श्रद्धालुओं का स्वागत करे।

योगी 2.0 के एक वर्ष पूरा होने के मौके पर आयोजित पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिला मुख्यालय में सरकार रिंग रोड बना रही है। देश में सबसे अधिक मेट्रो सेवा यूपी में है। पांच शहरों में मेट्रो चल रही है, जबकि छठे शहर आगरा में नवंबर-दिसंबर तक इसे चालू कर देंगे। एनसीआर में रैपिड रेल सेवा भी अगले महीने तक प्रधानमंत्री के कर कमलों से लोकार्पित होगी।



लोक भवन में प्रदेश सरकार के छह वर्ष पूर्ण होने पर शनिवार को पत्रकारों को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी ●जागरण

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले दो वर्ष के अंदर यूपी पांच इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला देश का पहला राज्य हो जाएगा। तीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट वर्तमान में क्रियाशील हैं। अयोध्या और जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को अगले साल तक क्रियाशील कर दिया जाएगा। देश का पहला वाटर वे वाराणसी से हल्दिया के लिए शुरू कर दिया गया है। यूपी को हमेशा ये मलाल रहता था कि हम बंदरगाह से नहीं जुड़े हैं, मगर आज वाराणसी से हल्दिया को यानी पूर्वी बंदरगाह को यूपी को जोड़ दिया गया है।

योगी ने कहा कि एक लाख से अधिक ऐसे गरीब जिनमें मुसहर, वनटांगिया, थारू, कोल और सहरिया जैसी जातियां शामिल हैं, उन्हें आवास की सुविधा उपलब्ध कराई। इनकी आवाज आजादी के 70 साल तक आवाज किसी ने नहीं सुनी थी।

### यूपी में बन रहे सर्वाधिक मोबाइल फोन

योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 'न्यू एज हाईटेक मैन्युफैक्चरिंग' के क्षेत्र में सबसे बड़ा केंद्र बना है। देश में सबसे ज्यादा मोबाइल फोन यूपी में बन रहे हैं। सबसे ज्यादा ई-व्हीकल पंजीकरण वाला प्रदेश यूपी है। सबसे ज्यादा रोबोटिक्स का निर्माण यूपी में होने जा रहा है। यूपी में देश का सबसे बड़ा डेटा सेंटर बनने जा रहा है।

### पांच लाख करोड़ का निवेश धरातल पर उतरा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में छह वर्ष में पांच लाख करोड़ रुपये के निजी निवेश की परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। इसमें लाखों युवाओं को नौकरियां मिलीं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 35 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव ने सभी को चौंका दिया है।

### घट गई बेरोजगारी दर

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2016 में बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत थी, आज ये घटकर तीन-चार प्रतिशत पर आ गई है। हम वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कालेज की ओर बढ़ रहे हैं। बहुत शीघ्र हर जिले में एक मेडिकल कालेज होगा। हर मंडल स्तर पर एक विवि देने जा रहे हैं। 2023-24 के बजट में हमने चार नए विश्वविद्यालय का प्रविधान किया है।

यह और उप्र की अन्य खबरें www.jagran.com पर पढ़ें

आज़ादी का अमृत महोत्सव